**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1252**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**एनएसएपी का संशोधन**

**1252. श्री प्रद्युत बोरदोलोई:**
**डॉ. डी. रवि कुमार:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के लिए कवरेज कैप को पहले संशोधित किया गया है, यदि हां, तो इसके संशोधन की योजनाओं के साथ-साथ तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) एनएसएपी के लाभों को अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए बुजुर्गों , विधवाओं, अकेली महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं चला रहे राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) एनएसएपी पोर्टल से डेटा को छोड़कर राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं (जैसे ओडिशा में मधु बाबू पेंशन योजना) द्वारा सहायता पा रहे पेंशनभोगियों की संख्या राज्यवार कितनी है;

(घ) 2017 से 2024 तक राज्य के योगदान की तुलना में एनएसएपी में केंद्र सरकार के योगदान का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार एनएसएपी के सीएजी 2023 निष्पादन लेखापरीक्षा द्वारा उजागर किए गए मुद्दों, विशेष रूप से खराब कवरेज , विलंबित भुगतान और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और आधार आधारित भुगतान प्रणाली में पेंशनभोगियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की योजना बना रही है; और

(च) पुरानी जानकारी प्रदान कर रहे राज्य पेंशन पोर्टल को एनएसएपी पोर्टल के साथ कब तक एकीकृत किया जाएगा?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क)** जी हां, एनएसएपी के अंतर्गत कवरेज सीमा में पूर्व में किए गए संशोधनों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है। फिलहाल कवरेज सीमा को और संशोधित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**(ख) से (ग)** राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनएसएपी के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता की दर से अधिक पेंशन सहायता की टॉप-अप राशि प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्य सरकारें अपने स्वयं के संसाधनों से विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं जैसे ओडिशा में मधु बाबू पेंशन योजना। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से एकत्रित जानकारी के अनुसार, लगभग 5.86 करोड़ अतिरिक्त लाभार्थियों को राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों के द्वारा उनकी पेंशन योजनाओं के माध्यम से शामिल किया गया है। राज्य -वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है

**(घ)** एनएसएपी 100% केन्द्र वित्तपोषित प्रायोजित योजना (सीएसएस) है और इसमें राज्य का कोई अंश नहीं है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनएसएपी के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता दर से अधिक पेंशन सहायता की अतिरिक्त राशि प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, यदि एनएसएपी के तहत शामिल किए गए लाभार्थियों की संख्या से अधिक पात्र लाभार्थी हैं , तो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास अपने संसाधनों से उन्हें पेंशन देने का विकल्प है। एनएसएपी के तहत सहायता की दर और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान की गई अतिरिक्त राशि का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

**(ङ)** एनएसएपी के निष्पादन लेखापरीक्षा पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों को निवारण/अनुपालन के लिए राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किया गया है। राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर टिप्पणियों पर प्रतिक्रियाएं तैयार की गईं। वर्ष 2023 की रिपोर्ट संख्या 10 में निहित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की सिफारिशों को लोक लेखा समिति ने अपनी 142वीं रिपोर्ट में पहले ही शामिल कर लिया है। जैसा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा सूचित किया गया है, चूंकि पीएसी ने लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर अपनी रिपोर्ट दे दी है, इसलिए वर्ष 2023 की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक रिपोर्ट संख्या 10 के पैराग्राफ को 'निपटाया हुआ' माना गया है।

**(च)** कुल 18 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनएसएपी के तहत पेंशन वितरण के लिए एनएसएपी -पीपीएस का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा , 14 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपने स्वयं के पोर्टल का उपयोग करते हुए वेब एकीकरण के माध्यम से एनएसएपी-पीपीएस को लेनदेन विवरण प्रदान

कर रहे हैं। तथापि , ऐसे सभी राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों और जिन राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों में वर्तमान में कोई एमआईएस प्रणाली नहीं है , उन्हें एनएसएपी के तहत पेंशन वितरण के लिए केवल एनएसएपी-पीपीएस का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

*****

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1252 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध -I**

**एनएसएपी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की अधिकतम सीमा में योजनावार संशोधन का विवरण**

| वर्ष | योजना/घटक | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1995 | राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (एनओएपीएस) | 53,35,600 |
| | राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस) | 4,54,900 |
| | राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना (एनएफबीएस) | 45,51,400 |
| | **कुल** | **1,03,41,900** |
| 2009 | राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (एनओएपीएस) | 53,35,600 |
| | राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस) | 4,54,900 |
| | राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना (एनएमबीएस) | 45,51,400 |
| | राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (एनडब्ल्यूपीएस) | 54,80,000 |
| | राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना (एनडीपीएस) | 15,65,000 |
| | **कुल** | **1,73,86,900** |

| | | |
|---|---|---|
| 2011-12 | राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (एनओएपीएस) | 2,21,17,493 |
| | राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (एनडब्ल्यूपीएस) | 65,73,323 |
| | राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना (एनडीपीएस) | 10,58,651 |
| | राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस) | 3,58,840 |
| | अन्नपूर्णा | 8,31,642 |
| | **कुल** | **3,09,39,949** |
| 2022 | राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (एनओएपीएस) | 2,21,30,687 |
| | राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (एनडब्ल्यूपीएस) | 67,35,826 |
| | राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना (एनडीपीएस) | 8,81,394 |
| | राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस) | 3,58,840 |
| | अन्नपूर्णा | 8,31,642 |
| | **कुल** | **3,09,38,389** |

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1252 के भाग (ख) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध-II**

**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अतिरिक्त वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग लाभार्थी**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वृद्धावस्था | विधवा | दिव्यांग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 678736 | 253832 | 28412 | **960980** |
| 2 | बिहार | 3915991 | 679059 | 820410 | **5415460** |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 653006 | 401406 | 132056 | **1186468** |
| 4 | गोवा | 78112 | 32598 | 15092 | **125802** |
| 5 | गुजरात | 148817 | 893605 | 71893 | **1114315** |
| 6 | हरियाणा | 1527417 | 693851 | 166463 | **2387731** |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 430085 | 109959 | 70061 | **610105** |
| 8 | झारखंड | 1435922 | 401631 | 245394 | **2082947** |
| 9 | कर्नाटक | 3982109 | 1473556 | 911679 | **6367344** |
| 10 | केरल | 2750224 | 1226519 | 375526 | **4352269** |
| 11 | मध्य प्रदेश | 841470 | 410099 | 15361 | **1266930** |
| 12 | महाराष्ट्र | 2680443 | 828516 | 358688 | **3867647** |
| 13 | ओडिशा | 1591369 | 63143 | 0 | **1654512** |
| 14 | पंजाब | 2126951 | 584756 | 248061 | **2959768** |
| 15 | राजस्थान | 4821144 | 1777062 | 597194 | **7195400** |
| 16 | तमिलनाडु | 263975 | 612175 | 399547 | **1275697** |
| 17 | तेलंगाना | 1170705 | 1585088 | 499442 | **3255235** |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 1078133 | 2521668 | 833603 | **4433404** |
| 19 | उत्तराखंड | 288982 | 173205 | 83207 | **545394** |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 1689657 | 1500564 | 654804 | **3845025** |
| **पूर्वोत्तर राज्य** | | | | | |
| 21 | अरुणाचल प्रदेश | 48722 | 7168 | 3435 | **59325** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | असम | 1271315 | 199756 | 129812 | **1600883** |
| 23 | मणिपुर | 83945 | 10346 | 8111 | **102402** |
| 24 | मेघालय | 65771 | 36222 | 14237 | **116230** |
| 25 | मिजोरम | 0 | 0 | 200 | **200** |
| 26 | नगालैंड | 1890 | 2460 | 3550 | **7900** |
| 27 | सिक्किम | 5674 | 1311 | 521 | **7506** |
| 28 | त्रिपुरा | 37377 | 66921 | 13075 | **117373** |
| **संघ राज्य क्षेत्र** | | | | | |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 14696 | 6438 | 3718 | **24852** |
| 30 | चंडीगढ़ | 8889 | 8358 | 4496 | **21743** |
| 31 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 13753 | 3751 | 573 | **18077** |
| 32 | राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 296697 | 263639 | 108469 | **668805** |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 546140 | 170903 | 187456 | **904499** |
| 34 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | **0** |
| 35 | लक्षद्वीप | 931 | 415 | 549 | **1895** |
| 36 | पुदुचेरी | 116082 | 14267 | 0 | **130349** |
| **कुल** | | **34665130** | **17014247** | **7005095** | **58684472** |

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1252 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लेखित अनुबंध**

**अनुबंध-III**

**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा एसएनएपी के तहत सहायता की दर और प्रदान की गई अतिरिक्त राशि (रुपये में) का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आईजीएनओएपीएस | | | | | | आईजीएनडब्ल्यूपीएस | | | आईजीएनडीपीएस | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 60-79 वर्ष | | | 80 वर्ष और उससे अधिक | | | | | | | | |
| | | केन्द्रीय सरकार | राज्य सरकार | कुल | केन्द्रीय सरकार | राज्य सरकार | कुल | केन्द्रीय सरकार | राज्य सरकार | कुल | केन्द्रीय सरकार | राज्य सरकार | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 200 | 2550 | 2750 | 500 | 2250 | 2750 | 300 | 2450 | 2750 | 300 | 2700 | 3000 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 200 | 1300 | 1500 | 500 | 1500 | 2000 | 300 | 1700 | 2000 | 300 | 1700 | 2000 |
| 3 | असम | 200 | 50 | 250 | 500 | 50 | 550 | 300 | 0 | 300 | 300 | 0 | 300 |
| 4 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 200 | 1800 | 2000 | 500 | | 500 | 300 | 1700 | 2000 | 300 | 1700 | 2000 |
| 5 | बिहार | 200 | 200 | 400 | 500 | 0 | 500 | 300 | 100 | 400 | 300 | 100 | 400 |
| 6 | चंडीगढ़ | 200 | 1000 | 1200 | 500 | 1000 | 1500 | 300 | 1000 | 1300 | 300 | 1000 | 1300 |
| 7 | छत्तीसगढ | 200 | 150 | 350 | 500 | 150 | 650 | 300 | 50 | 350 | 300 | 200 | 500 |
| 8 | दिल्ली | 200 | 1800-2300 | 2000-2500 | 500 | 2000 | 2500 | 300 | 2200 | 2500 | 300 | 2200 | 2500 |
| 9 | दादरा और नगर हवेली | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 2500 | 2800 | 300 | 700 | 1000 |
| | दमन और दीव | 200 | 800 | 1000 | 500 | - | 500 | 300 | 950 | 1250 | 300 | 700 | 1000 |
| 10 | गोवा | 200 | 0 | 200 | 500 | 0 | 500 | 300 | 0 | 300 | 300 | 0 | 300 |
| 11 | गुजरात | 200 | 800 | 1000 | 500 | 750 | 1250 | 300 | 950 | 1250 | 300 | 700 | 1000 |
| 12 | हरियाणा | 200 | 2500 | 2700 | 500 | 2500 | 3000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 2500 | 2800 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 200 | 1500 | 1700 | 500 | 1200 | 1700 | 300 | 850 to 1400 | 1150 & 1700 | 300 | 1400 | 1700 |
| 14 | जम्मू एवं | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 700 | 1000 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कश्मीर | | | | | | | | | | | | |
| 15 | झारखंड | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 700 | 1000 |
| 16 | कर्नाटक | 200 | 400-1000 | 600-1200 | 500 | 700 | 1200 | 300 | 500 | 800 | 300 | 1100 | 1400 |
| 17 | केरल | 200 | 1400 | 1600 | 500 | 1100 | 1600 | 300 | 1300 | 1600 | 300 | 1300 | 1600 |
| 18 | लक्षद्वीप | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 300 | 600 | 300 | 700 | 1000 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 200 | 400 | 600 | 500 | 100 | 600 | 300 | 400 | 700 | 300 | 300 | 600 |
| 20 | महाराष्ट्र | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 700 | 1000 |
| 21 | मणिपुर | 200 | - | 200 | 500 | - | 500 | 300 | 200 | 500 | 300 | 200 | 500 |
| 22 | मेघालय | 200 | 550 | 750 | 500 | 300 | 800 | 300 | 450 | 750 | 300 | 450 | 750 |
| 23 | मिजोरम | 200 | 100 | 300 | 500 | 100 | 600 | 300 | 100 | 400 | 300 | 100 | 400 |
| 24 | नागालैंड | 200 | 0 | 200 | 500 | 0 | 500 | 300 | 0 | 300 | 300 | 0 | 300 |
| 25 | ओडिशा | 200 | 300 | 500 | 500 | 200 | 700 | 300 | 300 | 600 | 300 | 400 | 700 |
| 26 | पंजाब | 200 | 1500 | 1700 | 500 | 1500 | 2000 | 300 | 1500 | 1800 | 300 | 1500 | 1800 |
| 27 | पुदुचेरी | 200 | 2300 | 2500 | 500 | 3000 | 3500 | 300 | 1700-2200 | 2000 2500 | 300 | 3200 | 3500 |
| 28 | राजस्थान | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 450-1200 | 750-1500 | 300 | 450-950 | 750-1250 |
| 29 | सिक्किम | 200 | 1300 - 1800 | 1500 2000 | 500 | 2000 | 2500 | 300 | 1700 | 2000 | 300 | 1700 | 2000 |
| 30 | तमिलनाडु | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 700 | 1000 |
| 31 | तेलंगाना | 200 | 1816 | 2016 | 500 | 1516 | 2016 | 300 | 1716 | 2016 | 300 | 2716 | 3016 |
| 32 | त्रिपुरा | 200 | 1800 | 2000 | 500 | 1500 | 2000 | 300 | 1700 | 2000 | 300 | 1700 | 2000 |
| 33 | उत्तराखंड | 200 | 1300 | 1500 | 500 | 1000 | 1500 | 300 | 1200 | 1500 | 300 | 1200 | 1500 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 700 | 1000 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 700 | 1000 |
| 36 | लद्दाख | 200 | 800 | 1000 | 500 | 500 | 1000 | 300 | 700 | 1000 | 300 | 700 | 1000 |